>

Title : Need to expedite the construction of Bhanupalli-Bilaspur-Berry, Ghanauli-Baddi, Nangal-Talwara and Bilaspur-Mandi-Manali-Leh railway line projects in Hiamachal Pradesh.

श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर): अध्यक्ष महोदय, हिमाचल प्रदेश पर्वतीय एवं सीमावर्ती प्रदेश है। आजादी के 62 वर्षों में अब तक केवल 32 किलोमीटर रेल लाइनें प्रदेश में बनी हैं। भानुपल्ली-बिलासपुर-बैरी ब्रॉडगेज रेल लाइन के निर्माण की घोषणा वर्ष 2008-09 के बजट में की गई, किंतु अभी तक सर्वेक्षण कार्य भी पूर्ण नहीं हुआ है। वह अत्यंत धीमी गति से चल रहा है। घनौली-बद्दी बड़ी रेल लाइन निर्माण की घोषणा वर्ष 2007-08 के बजट में की गई थी, किंतु केन्द्र प्रशासित क्षेत्र चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा भूमि उपलब्ध न कराये जाने के कारण पंजाब के जिला रोपड़ के घनौली से उक्त रेल लाइन का लिंक हिमाचल प्रदेश के बद्दी औद्योगिक क्षेत्र से दिए जाने के रेलवे के वैकल्पिक प्रस्ताव पर अभी तक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। तीसरी निर्माणाधीन नंगल-तलवाड़ा बड़ी रेल का कार्य दो वर्ष में पूर्ण करने हेतु पर्याप्त धन आबंटित किया जाये और चौथी बिलासपुर-मंडी-मनाली-लेह/लद्दाख बड़ी रेल लाइन का निर्माण सामरिक, पर्यटन, क्षेत्र के आर्थिक विकास हेतु अत्यंत आवश्यक है। अतः इस रेल लाइन के निर्माण को तत्काल स्वीकृति प्रदान की जाये।